# मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के जॉब कार्डधारी श्रमिक कर रहे साफ-सफाई का कार्य

## छठ घाटों की साफ-सफाई के कार्य में निगमकर्मियों की ड्यूटी लगाई

## मानगो के 13 छठ घाटों की करायी गयी सफाई



**वरीय संवाददाता, जमशेदपुर**

मानगो नगर निगम एरिया के छठ घाटों की साफ-सफाई तेज हो गयी है. बुधवार को कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय के निर्देश पर 13 छठ घाटों की साफ-सफाई 60 से ज्यादा सफाई कर्मियों की मदद से करायी गयी.

कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि सफाई कर्मियों व श्रमिकों की ओर से छठ घाटों में झाड़ी की कटाई करायी जा रही है और घाट के आसपास प्लास्टिक सहित अन्य कूड़ा-कचरा को बाहर निकालने का कार्य किया जा रहा है. कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने निगम के अधिकारियों एवं कर्मियों को आवंटित किये गये छठ घाटों की साफ-सफाई कार्यों की देख-रेख स्वयं करने का निर्देश दिया है. बुधवार की सुबह सर्वप्रथम सभी कर्मचारियों को निगम कार्यालय बुलाया गया, जहां से भी को आवंटित छठ घाटों पर भेजा गया.

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA